वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

प्रेस–विज्ञप्ति

एतद्द्वारा समस्त प्राचार्यों/प्रबन्धकों तथा परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि छात्रहित को देखते हुए वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों में बैकपेपर/अंकसुधार हेतु परीक्षा फार्म आनलाईन भरने, शुल्क जमा करने, सत्यापन एवं संशोधन करने हेतु तिथि निम्नवत् विस्तरित की जाती है–

क्र.सं.	कार्यक्रम	निर्धारित तिथि
1	आनलाईन आवेदन पत्र भरने की विस्तारित तिथि	दिनांक 23.12.2020 से दिनांक 24.12.2020 तक
2	महाविद्यालयों द्वारा फार्म संशोधन एवं सत्यापन (Verification) हेतु निर्धारित तिथि	दिनांक 23.12.2020 से दिनांक 24.12.2020 तक
3	बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क रू0 600/– (छः सौ मात्र) प्रति प्रश्नपत्र है।	....
4	शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि– (बैकपेपर/अंकसुधार शुल्क वित्त अधिकारी, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर के खाता संख्या– 4539000100038627 में जमा होगा। बैंक का आई.एफ.एस.सी. कोड– **PUNB 0453900** है। शुल्क आनलाईन/ आर0टी0जी0एस0 द्वारा ही जमा होगा)।	दिनांक 23.12.2020 से दिनांक 24.12.2020 तक
5	महाविद्यालयों द्वारा बैकपेपर/अंकसुधार आनलाईन परीक्षा शुल्क एवं आनलाईन आवेदन पत्रों की हार्ड कापी, दो प्रति नामिनल रोल एवं संख्या सूचक तीन प्रतियों में विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा करने की निर्धारित तिथि	दिनांक 23.12.2020 से दिनांक 24.12.2020 तक **नोट– संख्या सूचक देने पर ही फार्म जमा होगा।**
6	बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा 2020 की तिथि	दिनांक – 05.01.2021 से निर्धारित

परीक्षा नियंत्रक

नोट– <u>बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा में</u> –

1. मुख्य परीक्षा 2020 के स्नातक बी0ए0 द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण/आंशिक अनुपस्थित परीक्षार्थी मुख्य परीक्षा के एक विषय के समस्त प्रश्नपत्र अथवा दो विषय के अधिकतम तीन प्रश्नपत्रों में बैकपेपर/ अंकसुधार परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।
2. बी0एस–सी0 द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण/आंशिक अनुपस्थित परीक्षार्थी मुख्य परीक्षा के एक विषय के समस्त प्रश्नपत्र अथवा दो विषय के अधिकतम तीन प्रश्नपत्रों में बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।
3. बी0काम0 द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण/आंशिक अनुपस्थित परीक्षार्थी मुख्य परीक्षा के एक समूह के दो प्रश्नपत्रों अथवा दो समूह के एक–एक प्रश्नपत्रों में बैकपेपर/ अंकसुधार परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।
4. स्नातक बी0एस–सी0 (कृषि) द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण/आंशिक अनुपस्थित परीक्षार्थी मुख्य परीक्षा के अधिकतम दो प्रश्नपत्रों में बैकपेपर/ अंकसुधार परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।
5. स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष परीक्षा 2020 के उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण/आंशिक अनुपस्थित परीक्षार्थी मुख्य परीक्षा के एक प्रश्नपत्र में बैकपेपर/ अंकसुधार परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।
6. अभ्यर्थी को सम्बन्धित कक्षा की बैकपेपर/अंकसुधार की परीक्षा उसी वर्ष कराई जायेगी। पुनः दुबारा किसी भी दशा में परीक्षा नहीं कराई जायेगी।
7. परीक्षार्थी बैक पेपर/अंकसुधार परीक्षा में यदि मुख्य परीक्षा से कम अंक प्राप्त करता है तो उसे मुख्य परीक्षा का ही अंक प्रदान किया जायेगा।
8. बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा में छात्रों के उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण होने के सम्बन्ध में मुख्य परीक्षा का ही नियम लागू होगा।
9. बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा 2020 के पूरित परीक्षा फार्म के साथ मूल अंकपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। इसके अभाव में आवेदन फार्म निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व अभ्यर्थी/महाविद्यालय का होगा।

Scanned with CamScanner

पत्रांक :   /बैक पेपर/ 2020   दिनांक ....

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. विशेष कार्याधिकारी कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
2. आशुलिपिक वित्त अधिकारी, वित्त अधिकारी जी को सूचनार्थ।
3. आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी को सूचनार्थ।
4. सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र .... को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया अपने सम्मानित समाचार पत्र के आगामी अंक में किसी ऐसे पृष्ठ पर जो पूर्वान्चल के समस्त जनपदों में पहुँचता हो, छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
5. प्रभारी/अधीक्षक, परीक्षा/गोपनीय/अतिगोपनीय विभाग/उत्तरपुस्तिका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. प्रभारी, एम0आई0एस0 प्रकोष्ठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक

22/12/20   22.12.20

Scanned with CamScanner